कृषक महिलाओं के कौशल विकास हेतु भव्य आयोजन

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा आईसीएआर–केंद्रीय महिला कृषि संस्थान भुवनेश्वर के सहयोग से देव भूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बनबसा (टनकपुर) में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन दिनांक 20.02.2026 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग 100 महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की

इस कार्यक्रम का सफल संचालन अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना की इकाई समन्वयक डॉ मनीषा गहलौत, वैज्ञानिक, डॉ दीपा विनय, डॉ सीमा क्वात्रा, डॉ अनिल कुमार, डॉ पूनम तिवारी एवं शोध टीम डॉ बीनू सिंह, डॉ कल्पलता पंत, डॉ संज्ञा सिंह आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, उद्घाटन समारोह में डॉ मनीषा गहलौत इकाई समन्वयक, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रही। उन्होंने अपने अभिवादन में महिला किसानों को मूल्य वर्धित उत्पाद बनाने तथा उन्हें विभिन्न मेलों तथा समूह के माध्यम से बेचने के चर्चा की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अथिति के रूप में श्री केदार सिंह बृजवाल, नोडल अधिकारी, तथा उनके साथ श्री दीपक रजवार, विधायक प्रतिनिधि, श्री जीवन सिंह नेगी माननीय मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर उपस्थित रहे और अपने उद्बोधन से कृषक महिलाओं का उत्साहवर्धन किया

साथ ही श्री गणेश सिंह खाती मुख्य विकास अधिकारी जी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर इस आयोजन की प्रसंशा की और ऐसे प्रशिक्षणों को पहाड़ों के दूरगामी क्षेत्रो के लिए लाभकारी बताया। प्रशिक्षण सत्र में गरिमा उपाध्याय, सहायक कृषि अधिकारी ने महिला किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, जैसे किसान सम्मान निधि अनुदान, सब्सिडी एवं महिला किसानों के लिए विशेष प्रावधानों की जानकारी दी ताकि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सके। डॉ निर्मला भट्ट, कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक ने मशरूम उत्पादन विषय पर व्यावहारिक परीक्षण दिया जिसमें मशरूम की उन्नत बीज उत्पादन विधि, रोग कीट प्रबंधन तथा विपरण संबंधी महत्वपूण् जानकारियां विस्तार पूर्वक दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ दीपा विनय ने प्रतिभागियों की कृषि आधारित समस्याओं पर वार्तालाप किया तथा अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में केवीके वैज्ञानिक डॉ सचिन पंत, डॉ अविकल कुमार , डॉ अजय प्रभाकर और प्राचार्य दिशा थपलियाल ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी महिला किसानों को कृषि कार्य हेतु आवश्यक उपकरणों से युक्त “एग्रीकल्चर टूल किट” वितरित की गई। टूल किट प्राप्त कर महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे अपने कृषि कार्य में उपयोगी बताया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिला किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी
विश्वविद्यालय, पन्तनगर(उत्तराखंड)
कौशल विकास द्वारा कृषिरत् महिलाओं
की आजीविका वृद्धि व सशक्तिकरण
दिनांक : 20/02/2026